सत्ता-संग्राम 2024
अमर उजाला
बरेली । रविवार, 17 मार्च 2024

PAGE NO 7 : TOP

साईं एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते मैच

हल्द्वानी क्रिकेटर्स के सागर रावत को मैन ऑफ़ द मैच देतीं अतिथि। स्रोत : संस्था

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें पहला मैच साईं क्रिकेट एकेडमी ने तो दूसरे मैच में हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीत दर्ज की।

पहला मुकाबला साईं क्रिकेट एकेडमी और आईके कलेक्शन के बीच हुआ। इसमें साईं क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए। जवाब में आईके कलेक्शन की टीम 18.3 ओवर में 138 रन पर ही सिमट गई। 86 रन बनाने वाले हिमांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला एसआरएमएस किंग्स बनाम हल्द्वानी के बीच हुआ। हल्द्वानी ने 19.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। जवाब में एसआरएमएस किंग्स 20 ओवर में छह विकेट खोकर 150 रन पर ही सिमट गई। हल्द्वानी के सागर रावत मैन ऑफ द मैच चुने गए। संवाद